पत्रांक-बाढ़(मो0)सिं0-20/2026- 2111

बिहार सरकार,

जल संसाधन विभाग

प्रेषक,

ई0 वरूण कुमार,
अभियन्ता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एंव जल निस्सरण ।

फैक्स सेवा में,
ई-मेल

मुख्य अभियन्ता,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण,
समस्तीपुर/मुजफ्फरपुर/वीरपुर/कटिहार/गोपालगंज/पटना,
मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, डिहरी ।

पटना, दिनांक- 20-05-2026

विषय:- ***बाढ़ वर्ष 2026 में कराये जाने वाले बाढ़ संघर्षात्मक कार्यो के संबंध में ।***

महाशय,

उपर्युक्त विषयक संबंध में निदेशानुसार कहना है कि जल संसाधन विभाग द्वारा बाढ़ 2026 में कराये जाने वाले बाढ़ संघर्षात्मक कार्यो के संबंध में निम्नलिखित बिन्दूओं का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय :-

1. बाढ़ 2026 में कराये जाने वाले बाढ़ संघर्षात्मक कार्यो को नामांकण के आधार पर कार्यान्वित किये जाने हेतु निबन्धित संवेदकों की सूची 25 मई 2026 तक मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।
2. वैसे सभी स्थल जहाँ कटाव निरोधक कार्य कराये गये है अथवा नदी अक्राम्य है, पर बाढ़ संघर्षात्मक कार्य की तैयारी के मद्देनजर समुचित बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रियों यथा बालू आदि का भंडारण 01 जून के पहले कराया जाय।
3. बाढ़ प्रबंधन निर्देशिका 28 मई तक मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।
4. बाढ़ 2026 के पूर्व सभी तटबंधों का संयुक्त निरीक्षण जिला पदाधिकारी या उनके प्रतिनिधि एवं संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा करते हुए समेकित रूप से प्रतिवेदन तैयार कर 30 मई 2026 तक मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन

20/05/2026

(वरूण कुमार)
अभियन्ता प्रमुख
बाढ़ नियंत्रण एंव जल निस्सरण

पत्रांक-बाढ़(मो0)सिं0-20/2026- 2111 पटना, दिनांक- 20-05-2026

प्रतिलिपिः-अभियंता प्रमुख (बाढ़)/अभियंता प्रमुख (सिंचाई सृजन)/ अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)/कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित ।

20/05/2026

(वरूण कुमार)
अभियन्ता प्रमुख
बाढ़ नियंत्रण एंव जल निस्सरण

पत्रांक-बाढ़(मो0)सिं0-20/2026- 2111 पटना, दिनांक- 20-05-2026

प्रतिलिपिः-माननीय उपमुख्य (जल संसाधन) मंत्री के आप्त सचिव/ सचिव, जल संसाधन विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ समर्पित ।

20/05/2026

(वरूण कुमार)
अभियन्ता प्रमुख
बाढ़ नियंत्रण एंव जल निस्सरण